## एक नजर

### हरिहरगंज में 61 और पिपरा में 60 मतदान सम्पन्न

हरिहरगंज। पलामू झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बुधवार को हरिहरगंज और पिपरा प्रखंड में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण माहौल में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हुई। दोनों प्रखंडों के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हरिहरगंज प्रखंड में कुल 35001 मतदाताओं में से 61.5% ने मतदान किया। इस प्रखंड में 17360 पुरुष और 17641 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बूथ संख्या 319 (प्राथमिक विद्यालय, अंबा) में सर्वाधिक 77.7% मतदान हुआ, जबकि बूथ संख्या 332 (स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, सुलतानी) में सबसे कम 47.42% मतदान दर्ज किया गया। पिपरा प्रखंड में कुल 17355 मतदाताओं में से 60.6% ने मतदान किया। यहां 8480 पुरुष और 8875 महिला मतदाताओं ने हिस्सा लिया। बूथ संख्या 274 (उमवि, चपरवार) में सर्वाधिक 71% मतदान हुआ, जबकि बूथ संख्या 256 (उमवि, पिठौरा) में सबसे कम 49.5% मतदान दर्ज किया गया। दोनों प्रखंडों में चुनावी प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही और मतदाताओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

### पहली बार मतदान कर खुश दिखे नए मतदाता

चतरा/सिमरिया। जिले के सिमरिया व चतरा दोनो विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर बुधवार को पहली बार मतदान करने वाले नए युवा मतदाताओं में अलग ही मुस्कान दिखा। नए मतदाताओं के चेहरे पर पहली बार मतदान करने की खुशी साफ झलक रही थी। उत्साह के साथ सभी नए मतदाता कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। इस बार नए युवा मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी थी। नए युवा मतदाता पहली बार मतदान कर खुश नजर आ रहे थे।

## हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

# प्रशासनिक अधिकारियों ने कई बूथों का जायजा लिया

### कई बूथों पर मशीन की तकनीकी खराबी के कारण घंटो विलंब से चालू हुआ मतदान

**◀◀ बूथों पर सुबह से ही लगी रहीं मतदाताओं की लंबी कतार**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान बुधवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। हुसैनाबाद हरिहरगंज 79 विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 131 पर मशीन की तकनीकी खराबी के कारण करीब ढाई घंटे लेट से मतदान चालू हुआ। वहीं 127 पर आईटीआई के बूथ संख्या 127 पर करीब एक घंटे विलंब मतदान शुरू हुई। जिसके कारण मतदाताओं की लंबी कतार लगी थी। उक्त दोनों बूथों पर दूसरे ईवीएम लाकर वोटिंग चालू हुआ। वैसे चुनाव को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह रहा। नए मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। इसके अलावे बुर्जुग व दिव्यांग मतदाता भी अपने मतों का प्रयोग किया। हुसैनाबाद क्षेत्र के संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर लोग निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी कतार देखी गयी। शहर के मतदान केंद्र संख्या 116 को मॉडल रूप दिया गया था,जहां पर बुजुर्ग,दिव्यांग व महिला मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। मतदान केंद्र पर हुसैनाबाद एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी कृष्णकांत कनवाड़िया ,डीटीओ जितेंद्र कुमार यादव, सहायक निवार्ची पदाधिकारी पंकज कुमार,अपर समाहर्ता गौरांग महतो,एसडीपीओ एस मो0 याकूब, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव,देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार,दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार पूरे दल बल के साथ सक्रिय दिखें।

## सुबह से कतार में दिखे मतदाता वोट देने के प्रति थे उत्साहित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** हुसैनाबाद विस क्षेत्र अंतर्गत इस प्रखंड के एक से 43 मतदान केंद्रों में कुछ को छोड़ मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह दिखा। सुबह से ही मतदाताओं की कतार लंबी होती चली गई। पहले दो घंटे में 9 बजे तक 40351 में 5234 (12.97%), 11 बजे तक 28.89, 1 बजे तक 43.36 जबकि 3 बजे तक 54.56 प्रतिशत तक मतदाताओं ने मतदान कर लिया था। कुल मतदाताओं में पुरुष 20,900 व 19,451 महिलाएं शामिल हैं। इनमें 3 बजे तक 21,610 ने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था। इसमें सर्वाधिक मतदान बूथ संख्या 26 राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय करडंडा में 68.66 जबकि 22.28 प्रतिशत रामवि कोल्हुआ के बूथ नंबर 25 में सबसे कम मतदान किया जा सका था। 5 बजे मतदान की समाप्ति के बाद आंकड़े में और वृद्धि होगी। ऐसा बताया गया। शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## निष्पक्ष मतदान को लेकर पांकी विधानसभा में प्रशासन रहा अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा में निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कई मतदान केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पहले बार वोट डालने वाले मतदाताओं और वृद्ध मतदाताओं को कॉफी मग देकर सम्मानित किया। इसके अलावा, पांकी के कपूरी ठाकुर चौक पर आमजन के साथ चाय पीकर लोगों से मतदान में भाग लेने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ पांकी विधानसभा क्षेत्र की उप-विकास आयुक्त और जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू भी मौजूद थीं। कुछ वर्षों पहले नक्सल प्रभावित क्षेत्र माने जाने वाले पांकी, मनातू, तरहसी और लेस्लीगंज के कई मतदान केंद्रों पर अब लोगों का उत्साह देखा गया। बुनियादी विद्यालय कोनवाई पर मतदान कर रहे शिवमंगल सिंह और महेश सिंह जैसे मतदाताओं ने बताया कि एक दशक पहले तक नक्सलियों का खौफ था, जिससे मतदान में कमी आती थी। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है, और इस बार यहां के तीन बूथों पर 70% से अधिक मतदान हुआ। सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था ने मतदान को सुचारु रूप से चलाने में मदद की। सामान्य बूथों पर महिला पुलिसकर्मी और झारखंड पुलिस के जवान तैनात थे, जबकि अति-संवेदनशील बूथों पर केंद्रीय रिजर्व बलों की तैनाती की गई थी। पुलिस जवानों की सजगता और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए, पुलिस ने क्यूआरटी टीमें भी तैनात की थीं, जो विभिन्न मतदान केंद्रों पर घूम-घूमकर निगरानी करती रही। सेक्टर मजिस्ट्रेट, प्रखंड विकास पदाधिकारी और क्यूआरटी टीमों ने अलग-अलग मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। पांकी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 141 पर डीएसपी राजीव रंजन और लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सतर्क रहने और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## न्यूज बॉक्स

नवीन मेल के कैमरे ने देखा विधानसभा चुनाव की झलकियां



पूर्व मंत्री ने परिवार के साथ मतदान किया।



निर्दलीय प्रत्याशी विनोद सिंह ने किया मतदान।



भाजपा प्रत्याशी मतदान के बाद अपने परिजनों के साथ ।



मोहम्मदगंज के विभिन्न बूथों पर सुबह से लगी लंबी कतार ।



मोहम्मदगंज के जिला पार्षद अंजु देवी ने पंसा में किया मतदान

### 15 किमी तय कर मतदान करने पहुंचे माहूर के मतदाता, दिखा उत्साह

**मोहम्मदगंज।** हुसैनाबाद विस क्षेत्र के कादलकुर्मी पंचायत अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 43 उप्रावि माहूर के मतदाताओं ने 15 किमी की दूरी तय कर प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्तर कोयल परियोजना उवि में स्थापित बूथ पर मतदान किया। इसमें माहूर गांव के उत्साही युवाओं की भूमिका मतदाताओं को उत्प्रेरित करने के काम आई। बताया गया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह व्यस्था की गई थी। जहां उत्साह के साथ 3 बजे तक 50.92 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान कर लिया था। इसमें पहले दो घंटे में 1.69, दूसरे में 11.38, तीसरे में 38 प्रतिशत मतदान किया गया था। अंतिम दो घंटे में भी मतदान के लिए कतार लगी थी। बताया गया कि उन्हें गांव से मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। इस गांव में कुल मतदाताओं की संख्या 650 है। इसमें पुरुष की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। पुरुष जहां 318 हैं, वहीं महिलाओं की संख्या 332 है। सूदूरवर्ती जंगलों-पहाड़ों के बीच बसा माहूर गांव मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ में स्थित है। मगर इस मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली गांव की सड़क अच्छी नहीं है।

### मतदान केंद्रों पर सुबह से ही लगी रही मतदाताओं की कतार

**विश्रामपुर।** विस क्षेत्र में चुनाव को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह दिखा। सुबह सात बजे से ही मतदान केंद्रों पर मतदान के लिए लोगों की लंबी कतार लग गई थी। विश्रामपुर के बूथ संख्या 259 निमियां में ईवीएम में आई खराबी के कारण करीब एक घंटे विलंब से मतदान शुरू हुआ। वहीं विश्रामपुर के अति संवेदनशील बूथ संख्या 271 घासीदाग में मतदान शुरू होने के बाद जब 131 वोट पड़े तब ईवीएम में खराबी आ गयी, जिससे मतदान कार्य बीच में ही करीब 8:30 बजे रोकना पड़ा। बाद में दूसरा ईवीएम आने के बाद पुनः 9:48 बजे मतदान शुरू कराया गया। रेहला बुनियादी विद्यालय में स्थापित आर्दश बूथ केंद्र 214 पर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के आलोक में समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी, वहां मतदान कर्मी से लेकर पुलिस कर्मी तक महिलाएं थीं। हालांकि यहां मतदान की गति काफी धीमी रही, जिससे मतदाताओं को काफी देर तक कतार में खड़ा रहना पड़ा।

### बुजुर्गों में दिखा मतदान को लेकर उत्साह, मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को हुए मतदान में बुजुर्गों का उत्साह देखने को मिला। उम्र के अंतिम पड़ाव में होने के बावजूद बुजुर्गों ने चुनाव में अपनी भागीदारी निभाने के लिए मतदान केंद्र तक पहुंचे। कुछ बुजुर्ग लाठी के सहारे तो कुछ परिजनों के साथ मतदान करने आए। इन बुजुर्गों के मतदान के प्रति जज्बे ने दूसरों को भी प्रेरित किया और यह संदेश दिया कि मतदान कितना महत्वपूर्ण है। मेघनी देवी, जो अपने बेटे के साथ वोट देने आई थीं, ने कहा, ₹वोट देना जरूरी है, और मैं हर बार वोट करती हूं। जब तक जीवित हूं, मतदान करती रहूंगी।₹ 78 वर्षीय मिथिलेश्वर शुक्ला ने राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कमलकेड़िया मतदान केंद्र पर वोट डाला। उन्होंने कहा, ₹वोट करने से ही देश की तरक्की हो सकती है। आज तक मैंने बहुत बदलाव देखे हैं, और यह सब वोट देने से ही हुआ है।₹ उन्होंने यह भी कहा कि हर जिम्मेदार नागरिक को वोट देना चाहिए और चुनाव केंद्रों पर बुजुर्गों के लिए बेहतर सुविधाएं होनी चाहिए। 72 वर्षीय किसमती देवी, जो मुंदरिया मतदान केंद्र संख्या 123 पर अपने बेटे के साथ वोट देने आई थीं, ने कहा, ₹मेरे पैरों में तकलीफ है, और मैं चल नहीं सकती, लेकिन वोट तो देना ही था। मैं हमेशा वोट करती हूं और इस बार भी बेटे की मदद से मतदान केंद्र तक पहुंची।₹ इन बुजुर्गों की भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि लोकतंत्र में हर नागरिक का योगदान जरूरी है, चाहे उनकी उम्र कुछ भी हो।

# पांकी विधानसभा में वोटरों का जोश, 65.13 मतदान

### मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को हुए चुनाव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुछ मामूली झड़पों को छोड़कर, मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। शाम 5 बजे तक पांकी में कुल 65.13% मतदान दर्ज किया गया। चुनाव में पहली बार मतदान कर रहे युवा, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिकों में विशेष उत्साह देखा गया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिसमें महिला पुलिस और सशस्त्र बलों के साथ-साथ संवेदनशील बूथों पर केंद्रीय रिजर्व बल भी तैनात थे। पोलिंग पार्टियां मंगलवार रात से ही बूथों पर तैनात हो गई थीं। संवेदनशील बूथों पर महिला सुरक्षा कर्मियों और मतदान कर्मियों के लिए रुकने की विशेष व्यवस्था की गई थी। सुबह 3 बजे मतदान कर्मियों ने अपने-अपने बूथों के लिए कूच किया और 5 बजे तक सभी बूथों पर पहुंच गए थे। इसके बाद मॉक पोल किया गया और 7 बजे मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। मतदान के प्रारंभ में कुछ वीवीपैट मशीनों में तकनीकी दिक्कतें आईं, जिन्हें समय रहते ठीक कर लिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान शुरू होते ही बड़ी संख्या में मतदाता मतदान केंद्रों पर पहुंचने लगे।

### वोटर लिस्ट में नाम नहीं होने से असंतोष

कुछ मतदाता, जिनके पास वोटर आईडी कार्ड था, वोटर लिस्ट में नाम न होने के कारण वोट नहीं कर सके। इनमें नीलांबर-पीतांबरपुर के बूथ संख्या 108 पर अनिकेत कुमार सिंह और तरहसी तथा पांकी के अन्य मतदाता शामिल थे। मतदान के दौरान डीएसपी मनोज कुमार झा और थाना प्रभारी राजू गुप्ता ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। तरहसी के गुरहा बूथ पर पुलिस की क्यूआरटी टीम ने गश्त की, जबकि पांकी और नीलांबर-पीतांबरपुर के सेक्टर मजिस्ट्रेट भी सुरक्षा का जायजा लेते नजर आए। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर सभी मतदान केंद्रों पर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई थी। सहियाओं द्वारा जरूरत के अनुसार ओआरएस और दवाइयां वितरित की जा रही थीं। निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र कुमार सिंह ने पदमा के भैंसासुआ स्थित बूथ संख्या 25 पर मतदान किया। पांकी विधानसभा में शांतिपूर्ण मतदान के साथ लोकतंत्र का पर्व सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### कई मतदान केन्द्रों से निराश लौटे वोटर,मतदाता सूची में नाम था गायब

हुसैनाबाद। विधानसभा क्षेत्र 2024 के चुनाव में प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय के बूथ संख्या136,137 और 138 बूथ केन्द्रों के कई मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से डिलीट कर दिया गया है। जिससे निराश होकर देवरी खुर्द से उज्वल कुमार, शिप्रा कुमारी ,सोनी कुमारी, लालती देवी,बनकट के नारायण, मनिका देवी आदि का बूथ पर पहुंचने पर कहा गया कि आपका नाम सूची में नहीं मिला। सभी लोग निराश होकर बिना मतदान किये घर वापस लौट गए।

## कोल्हुआ और बेगमपुरा के मतदाताओं ने भी किया मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कोल्हुआ के 25 व बेगमपुरा के 18 नंबर बूथों पर इन गांवों के ग्रामीण सड़क व अंडरपास नहीं तो वोट नहीं करने पर अड़ गए थे। मगर बुधवार को मतदान के ऐन वक्त पर उन्होंने इरादा बदला और मतदान करने को राजी हो गए। हालांकि कोल्हुआ में पहले चार घंटे में मात्र 6 लोगों ने ही मतदान किया था। बताया गया कि सहायक निवार्ची पदाधिकारी रणवीर कुमार व थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के पहुंचने पर उनके मान मनौव्वल के बाद मतदान में तेजी आई। इससे एक बजे तक 2.75 व 3 बजे 22.18 प्रतिश तक मतदान का आंकड़ा पहुंच गया था। 11 बजे तक मात्र 0.59 प्रतिशत ही था। इन अधिकारियों की पहल पर ही बेगमपुरा के ग्रामीणों ने भी मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इससे पहले दो घंटे में जहां मतदान प्रतिशत 2.62 था, वह 11 बजे तक 19.61 जबकि एक बजे तक 39.36 जबकि 3 बजे तक 47.24 प्रतिशत पर पहुंच गया था। बताया गया कि इन अधिकारियों को मतदान के दिन तीसरे प्रयास में इन गांवों के ग्रामीणों को मताधिकार का एहसास दिलाने में सफलता मिली। बता दें कि कोल्हुआ के ग्रामीणों ने सड़क और बेगमपुरा के ग्रामीणों ने रेलवे अंडरपास की मांग को पूरी करने को लेकर ठोस आश्वासन प्राप्त करने के लिए वोट नहीं डालने का निर्णय लिया था। ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले में अधिकारियों का आश्वासन तो मिला ही है। साथ ही दल विशेष के अलग-अलग प्रत्याशियों के स्तर से भी उनके चुनाव जीतने के बाद इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि इन्हीं भरोसे पर लोकतंत्र में जनता के सबसे अहम मौलिक अधिकार का इस महापर्व में प्रयोग करते हुए वे गौरवांवित हैं।

### पत्थलगड़ा मे 69.67 प्रतिशत मतदान

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड में बुधवार को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने को लेकर बीडीओ कलिंदर साहू, सीओ उदल राम व थाना प्रभारी आलोक कुमार चौधरी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रखंड में 69.67 प्रतिशत मतदान हुआ। पत्थलगड़ा में सबसे ज्यादा मतदान नवाडीह पश्चिमी भाग बूथ में 82 प्रतिशत। नवाडीह भाग उत्तरी में 251 में 77 प्रतिशत, चौथा बूथ संख्या 419 में 76 प्रतिशत, बेलहर बूथ संख्या 568 में 74 प्रतिशत, तेतरिया पूर्वी भाग बूथ संख्या 485 में 76 प्रतिशत व सिंघानी बूथ संख्या 142 में 73 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान को लेकर नए वोटर ज्यादा उत्साहित थे।

## विस चुनाव 2024

## पहली बार मतदान करने वालों में खुशी की झलक

# सुबह सात बजे से ही मतदाता कर रहे थे अपनी बारी का इंतजार




**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर जैसे ही युवाओं ने अपनी पहली बार मतदान किया, उनके चेहरों पर खुशी की झलक साफ नजर आई। अति सुदूरवर्ती इलाके के मतदान केंद्र जैसे उत्क्रमित मध्य विद्यालय गेठा (बूथ नंबर 161), मध्य विद्यालय नावाडीह तेनार (बूथ नंबर 162), और उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पथरही (बूथ नंबर 129) पर पहली बार वोट डालने के बाद युवा मतदाता खुशी से कहते नजर आए, 'बहुत उत्साहित हूं।' प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से ही मतदाता अपनी बारी का इंतजार करते हुए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। खासकर युवाओं में मतदान को लेकर खासा जोश देखा गया, वे सुबह-सुबह मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए आगे रहे। दिनभर मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का आना-जाना जारी रहा, जिसमें महिलाओं और युवाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही।

### पहली बार मतदान करने वालों से बातचीत

नवविवाहिता रिंपा कुमारी ने कहा, 'कुछ वर्ष पहले मेरी शादी हुई थी, और अब मुझे मतदान का अधिकार मिला है। पहली बार मतदान करके मैं बहुत खुश हूं।' अंकित कुमार दुबे ने कहा, 'मेरी दिली इच्छा थी कि मैं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दूं। आज पहली बार मतदान करके मेरी यह इच्छा पूरी हो गई, और मैं बहुत प्रसन्न हूं।' विवेक कुमार और संदीप कुमार ने कहा, 'पहले जब हम दूसरों को मतदान करते देखते थे, तो हमें भी इच्छा होती थी कि हम भी मतदान करें और हमारी अंगुली पर भी स्याही का निशान लगे। आज हमारी इच्छा पूरी हुई, हम बहुत खुश हैं।' रंजू कुमारी और पूजा कुमारी ने कहा, 'पहली बार मतदान कर बहुत अच्छा लगा। मतदान से राज्य का भविष्य तय होता है, इसलिए हमने वोट दिया।'

# लोहरदगा विस में शांतिपूर्ण तरीके से 73.21 प्रतिशत मतदान

■ गत विस चुनाव के मुकाबले इस बार बढ़ा मतदान प्रतिशत ■ लोकतंत्र के महापर्व को लेकर समाज के सभी वर्गों में उत्साह देखा गया







*सूरज निकलने के साथ ही मतदान केंद्रों में मतदाताओं की कतार लग गई थी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पहले चरण के विधानसभा चुनाव के दौरान बुधवार को लोहरदगा सीट पर शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के 324 बूथों पर हुए मतदान में लगभग 73.21 फीसदी मत डाले गए। चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच धीमी गति से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया दोपहर के बाद जोर पकड़ता गया। सुबह के 7-9 बजे के बीच 14.97 फीसदी मतदान हुआ जो 9-11 बजे के बीच 33.44 प्रतिशत, 11-01 बजे के बीच 51.53 प्रतिशत, 1-3 बजे के बीच 65.99 प्रतिशत पहुंचकर समाप्त हुआ। लेकिन 3 बजे तक लाइन में लगे मतदाताओं का वोट संपन्न होने के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 73.21 प्रतिशत तक पहुंच गया। वही 2019 के विधानसभा चुनाव में इसका प्रतिशत 71.47 प्रतिशत था। जिसमें पुरुषों का 70.56 प्रतिशत व महिलाओं का 72.40 प्रतिशत था। इधर लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सूरज निकलने के साथ ही सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की कतार लग गई थी। इनमें महिला, युवा और वृद्धों की संख्या भी काफी अधिक थी। केंद्र के बाहर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त जांच के बाद ही मतदाताओं को अंदर प्रवेश दिया जा रहा था। किसी भी मतदाता को कोई परेशानी ना हो इसके लिए विशेष रूप से व्यवस्था की गई थी। ग्रामीण इलाकों में भी मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा था। अपनी प्रतीक्षा की बारी में मतदाता काफी समय तक खड़े रहने के बावजूद अपना वोट डालकर ही मतदान केंद्र से बाहर निकल रहे थे। युवा और पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं में एक अलग ही उत्साह नजर आ रहा था। लोकतंत्र के इस महापर्व को लेकर समाज के सभी वर्गों में उत्साह देखा जा रहा है। निष्पक्ष मतदान के क्रम में ईवीएम में आई गड़बड़ी के कारण जिले के कई बूथ पर कंट्रोल एवं बैलेट यूनिट बदलकर मतदान प्रक्रिया शुरू कराई गई। मतदान के दिन आपात चिकित्सा सेवा का भी पुख्ता इंतजाम रहा। मतदान प्रक्रिया के दौरान जिले के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। जंगली-पहाड़ी क्षेत्र के अतिसंवेदनशील एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों पर संयुक्त रूप से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, जैप, आईआरबी, एपीएस एवं अर्द्धसैनिक बल पर थी। जंगली-पहाड़ी क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर मतदान करने पहुंचे मतदाताओं को सुरक्षा बलों द्वारा मतदान केंद्र पर आए कोई भी व्यक्ति के साथ मतदाताओं द्वारा को मेटल डिटेक्टर से पूरी तरह जांच परख के बाद ही उसे मतदान केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जा रही थी। झारखंड राज्य में पहले चरण के अन्तर्गत लोहरदगा विस सीट के लिए सुदूर देहाती एवं जंगली-पहाड़ी क्षेत्र के मतदान केंद्रों में भी शुरूआत में धीमा मतदान हुआ परंतु बाद में मतदाताओं की लंबी कतार देखी गई। मतदान कार्य सुव्यवस्थित ढंग से हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे। मतदान के लिए बने कलस्ट प्वाइंट पर मतदानकर्मियों को चुनाव के एक दिन पूर्व ही भेजा गया था। साथ ही जंगली-पहाड़ी क्षेत्र के मतदान केंद्रों व कलस्टर प्वाइंट पर सुरक्षा बलों की तैनाती मतदान के लगभग एक पखवाड़े पहले से ही कर दी गई थी। जिसके कारण उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी मतदाताओं के हौसले बुलंद हुए और मतदान की उमंग देखी गई।

## भंडरा में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ मतदान, युवाओं में दिखा उत्साह







**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में बुधवार को शांतिपूर्ण विस चुनाव संपन्न हुआ। भंडरा प्रखंड में विधानसभा चुनाव के मतदान को लेकर युवा मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। अपने पहला मतदान करने को लेकर युवाओं की टोली अहले सुबह ही मतदान केंद्र पहुंच गई थी। भंडरा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 300 व 301 में सुबह के साढ़े पांच बजे से ही मतदाताओं की लाइन शुरू हो गई थी। जिसमें मतदान केंद्र संख्या 300 में पहला मतदान करने वाली सरोज देवी को बीएलओ सुमित्रा टोप्पो द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। भंडरा प्रखंड के बिशुनपुर अंश व लोहरदगा मतदान केंद्र में मतदान करने को लेकर वृद्ध मतदाताओं में भी काफी खुशी देखी गई। कचमची मतदान केंद्र संख्या 311 में अपने छह माह के बच्चे को लेकर मतदान करने पहुंची किरण लकड़ा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में मताधिकार जरूरी है। समाज व राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए मतदान करना जरूरी है। पझरी मतदान केंद्र संख्या 303 में मतदान करने पहुंची सुगन उरांव (85 वर्ष) ने कहा कि हर पांच साल में मतदान करने का मौका एक बार ही मिलता है। राज्य के विकास को प्राथमिकता देते हुए अपना मताधिकार का प्रयोग कर काफी खुश है। पझरी गांव से अपने पोते को लेकर पहुंची सुको उरांव (72 वर्ष) ने कहा कि जबतक जिंदा है, तब तक खुद मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करेंगे। लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करना अत्यंत जरूरी है।

## सेन्हा में मतदान को लेकर दिखा मतदाताओं में उत्साह



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा (लोहरदगा)।** विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखा गया। बिशुनपुर विधानसभा अन्तर्गत सेन्हा प्रखंड में युवा, वृद्ध व महिला पुरुष सभी मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। वही मतदान करने के लिये सभी जगहों के मतदान केंद्रों में सुबह से मतदाताओं की कतार लंबी कतार नजर आ रही थी। बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र पठारी इलाके की बात किया जाए तो मतदाता भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किये। वहीं मुंगो क्लस्टर में तीन बूथ बनाया गया था। जिसमे बूथ नम्बर एक तथा छह में ईवीएम मशीन में तकनीकी गड़बड़ी के कारण मतदान में विलंब हुआ। जबकि मतदाता कतार में बूथ के बाहर खड़े नजर आये। वही दुंदरु बूथ की बात किया जाए तो जिला के लिए मिसाल के रूप में बूथ को सजाया गया था। जहां मतदान के पश्चात सेल्फी लेने के लिए भी व्यवस्था बीएलओ द्वारा बनाया गया था। इस प्रकार सेन्हा और पठारी क्षेत्र पेशरार प्रखंड में शांति व्यवस्था के बीच चुनाव सम्पन्न हुआ। जबकि सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के समीप राजकीय उत्क्रमित बुनियादी विद्यालय स्थित बूथ नम्बर 46 में विवाद के कारण मतदान कार्य बंद रहा। जिसकी सूचना जिला निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ को मिलते ही जीरो ग्राउंड पहुंच मामला को निष्पादन करते हुए मतदान आरम्भ कराया गया। प्रखंड क्षेत्र में ससमय लगभग 70 प्रतिशत मतदान हुआ। वही मतदान में दिव्यांग एवं 85 प्लस व्यक्तियों का भी उत्साह देखने को मिला। सभी बूथो में सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया था। वही सभी मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र में व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी।

## उग्रवाद प्रभावित पेशरार के 17 बूथ पर रिकॉर्ड मतदान



**लोहरदगा।** अति उग्रवाद प्रभावित सुदूरवर्ती पेसरार प्रखंड के 17 मतदान केन्दों में पठारी ग्रामीणों ने इस बार विस चुनाव में रिकार्ड मतदान किया। 16 सरकारी भवनों में मतदान केंद्र बनाया गया था। सुबह से ही मतदान केंद्र के बाहर ग्रामीणों की लंबी लाइन लग गई। उत्साह से नए और वृद्ध मतदाताओं समेत सामान्य ग्रामीणों ने रिकॉर्ड मतदान किया। कभी गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजने वाले पेशरार की मनोरम वादियों में लोकतंत्र का पर्व शांतिपूर्ण और उत्साह से संपन्न हो गया।

## जिले में अलग-अलग थीम पर बनाए गए थे 06 यूनिक बूथ

**लोहरदगा।** 72-लोहरदगा विधानसभा चुनाव को लेकर जिला में कुल 06 यूनिक बूथ बनाये गए थे, जो अलग-अलग थीम पर आधारित थे। इसमें 02 बूथ कुटमु में, 02 कैमो में, 01 राजरोम और 01 मक्का में थे। बूथ नंबर 220 व 221 राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कुटमु (पूर्वी विंग) व (पश्चिम विंग) थीम महिला सशक्तीकरण पर आधारित था। बूथ नंबर 148- राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजरोम, कुडू को - लोहरदगा रेल अतीत और वर्तमान थीम पर बनाया गया था। बूथ नंबर 212-राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कैमो (कक्ष क्रमांक 1 व 2) को - पोषण वन उपज थीम पर बनाया गया था। जबकि बूथ नंबर 8- सरकारी मिडिल स्कूल, मक्का को - जनजातीय कला एवं संस्कृति पर आधारित थीम पर बनाया गया था।

## 48 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से शाम 4 बजे तक हुआ मतदान




**लोहरदगा।** 72-लोहरदगा (अजजा) विधानसभा क्षेत्र के 48 मतदान केंद्रों में मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया था। इन मतदान केंद्रों की संख्या में 2, 3, 5, 6, 7, 9, 10, 12, 13, 14, 15, 16, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 29, 41, 42, 44, 45, 46, 52, 57, 58, 59, 60, 61, 62, 65, 73, 74, 79, 85, 86, 90, 91, 92, 156, 157, 182, 183,186 और 187 शामिल थे। जबकि 72-लोहरदगा के शेष 276 मतदान केंद्रों में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित थे।

## सधनु भगत के निधन पर उनके आवास पहुंचे रामेश्वर उरांव



**लोहरदगा।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व भाजपा के कद्दावर नेता सधनू भगत के निधन की खबर सुनकर लोहरदगा सदर प्रखंड मुख्यालय के बगल में स्थित उनके आवास में डॉ रामेश्वर उरांव समर्थकों के साथ पहुचकर शोक व्यक्त किया। इस मौके पर परिजनों को ढांढस बंधाया। कहा कि इस दुख की घड़ी में हमारी संवेदनाएं आपके साथ है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

## लोहरदगा के यूनिक बूथ कुटमू बना पिंक बूथ, महिला वोटर्स में देखा गया उत्साह



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** चुनावी माहौल में वोटरों का उत्साह चरम पर था। निर्वाचन आयोग ने जिले में झारखंड की प्राकृतिक सम्पदा का प्रतिनिधित्व करने वाले हरे-भरे वातावरण वाले कुटमू बूथ को एक यूनिक बूथ का नाम दिया है। साथ ही, महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिंक बूथ की भी स्थापना की गई है, जहां 'नारी ही परिवार और समाज का केंद्र बिंदु है' जैसे नारों का उपयोग कर महिलाओं को प्रेरित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, पर्दानशी बूथ भी बनाए गए हैं ताकि परंपरागत रूप से घूंघट या पर्दा पहनने वाली महिलाएं स्वतंत्रता और गोपनीयता के साथ मतदान कर सकें। पुलिस कप्तान हारीश बिन जमाँ खुद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरत रहे थे और मतदान प्रक्रिया की हर पहलू की बारीकी से मॉनिटरिंग कर रहे थे। साथ ही, एसडीपीओ श्रद्धा करकेट्टा भी व्यक्तिगत रूप से विभिन्न मतदान केंद्रों का मुआयना कर रही थीं ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके। इस संदर्भ में कुटमु प्राथमिक विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका रश्मि खेस ने बताया कि विद्यालय की शिक्षिकाओं और बच्चों की सकारात्मक पहल का परिणाम है कि आज एक यूनिक बूथ में हमारे स्कूल का नाम आया है। उन्होंने कहा कि यहां पर बीएलओ, मतदान कर्मी, सुरक्षा प्रहरी भी महिलाएं थी। बूथ पर अच्छी दीवाल पेंटिंग, आकर्षक ग्रीन सजावट, सेल्फी पॉइंट, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था किया गया था।

## लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की अहम भूमिका : रश्मि खेस

### पहली बार वोट देने आए वोटरों में दिखा नयी उमंग और जोश





**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं की भूमिका अहम होती है। युवा अपने वोट की चोट से सशक्त, निष्पक्ष व ईमानदारी से कार्य करने वाली सरकार चुनती है तो राज्य व देश का सर्वांगीण विकास होता है। उक्त बातें कुटमु प्राथमिक स्कूल लोहरदगा की प्रभारी प्रधानाध्यापिका रश्मि खेस ने कही। उन्होंने बताया कि यहां पर पिंक बूथ बनाया गया है। जहां पर पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया जा रहा है। जिसके कारण नए वोटरों में एक नया जोश व उत्साह का संचार देखा गया। नए वोटरों ने वोट देने का अनुभव भी साझा किया और कहा कि हम राज्य व देश के विकास के लिए वोट देने आए है। यहां आकर मुझे बहुत अच्छा लगा और वोट देकर तो एक गर्व महसूस किया। पहली बार वोट देने आए मधुरिमा कुमारी , राधिका कुमारी कुमारी, सुरभि गुप्ता, अजमेरी खातून, प्रियंका कुमारी, अर्शिता कुमारी आदि वोटरों ने कहा कि अब हम भी राज्य की किस्मत लिखने में अपना योगदान दे रहे हैं। वोटरों ने कहा कि हम ऐसे व्यक्ति को अपना वोट दे रहे हैं जो राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल बना सके। वही राज्य के समग्र विकास में भागीदारी निभाने वाले प्रत्याशी को हमलोग वोट करने आये है। वही अजमेरी खातून ने कहा कि अपना वोट कीमती होता है। इसका इस्तेमाल देश के विकास के लिए करना चाहिए न कि पैसे के लिए इसे वेस्ट कर दे। कहा पैसे के लिए वोट नही कर अपने दिल और दिमाग से काम ले। कौन सरकार अच्छा कार्य करेगा उसी को वोट दीजिये। वही सुरभि गुप्ता ने कहा कि हमे ऐसा सरकार को चुनना चाहिए जो राज्य की शिक्षा व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाए।

पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने किया मतदान, कहा

## बड़े अंतराल से जीतेंगे



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** विधानसभा चुनाव को लेकर लोहरदगा में हो रहे मतदान के तहत बुधवार को पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने लोहरदगा बालिका मध्य विद्यालय बूथ संख्या 281 पर पहुंचकर अपना मताधिकार का प्रयोग किया। मौके पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि देश का सबसे बड़ा पर्व लोकतंत्र है। इसलिए मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपना मतदान किया। झारखंड में प्रथम चरण के तहत लोहरदगा विधानसभा सीट पर मतदान हो रहा है। कहा की लोग अपना मतदान अवश्य करे और आज लोकतंत्र का बड़ा पर्व है। इसलिए सभी लोग अपना मत का अधिकार को समझे और अपना मत का प्रयोग अवश्य करे। ताकि हमारा जिला व राज्य सशक्त बने। इधर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने मतदान के बाद कहा कि पूरे झारखंड में प्रथम चरण के दौरान इंडी गठबंधन को भारी बहुमत मिलने जा रहा है। कहा लोहरदगा से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव की जीत सुनिश्चित हो गई है। पिछले चुनाव से भी ज्यादा के अंतराल से जीत होगी। झारखंड में कांग्रेस झामुमो गठबंधन की सरकार द्वारा शुरू किया गया मंईया सम्मान योजना का महिला मतदाताओं ने खुले हृदय से स्वागत कर इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में वोट कर रहे हैं।

डीसी और एसपी ने किया बूथों का निरीक्षण

## मतदान प्रक्रिया को निरंतर गतिशील बनाये रखने का दिये गए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत प्रथम चरण में लोहरदगा जिला में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण संचालित हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने नियमित बूथों का निरीक्षण किया और मतदान प्रक्रिया को निरंतर गतिशील बनाये रखने के निर्देश दिये। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक द्वारा कुडू के चांपी स्थित बूथ, चिरी में राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय चिरी, कुटमू स्थित यूनिक बूथ प्राथमिक विद्यालय कुटमू आदि शामिल है। पुलिस प्रेक्षक द्वारा कैमो स्थित यूनिक बूथ राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कैमो, राजकीय मध्य विद्यालय कैरो समेत अन्य बूथों का निरीक्षण किया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों ने प्रखंडों में अवस्थित बूथों व नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के बूथों में लगातार मतदान प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की जा रही थी। साथ ही वृद्ध/ दिव्यांग मतदाताओं को आवश्यक सुविधा, व्हीलचेयर, वोलेंटियर की सुविधा उपलब्ध करायी गयी थी। जिला स्तर पर सभी बूथों में की जा रही वेबकास्टिंग व वीडियोग्राफी की लगातार जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा मॉनिटरिंग की गई। समय-समय पर धीमी पड़ रही मतदान प्रक्रिया को तेज करने के निदेश दिये गये।

**बढ़ता रहा मतदान प्रतिशत :** जिला के सभी मतदान केंद्रों में मतदान सुबह 7 बजे से प्रारंभ हो गया। 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 324 मतदान केंद्रों में मतदान हुआ। सुबह 9 बजे तक 14.97 प्रतिशत, 11 बजे तक 33.44 प्रतिशत, दोपहर 1 बजे तक 51.53 प्रतिशत, दोपहर 3 बजे 65.99 प्रतिशत और शाम पांच बजे तक 73.21 प्रतिशत (अनुमानित) मतदान हुआ।

## मतदान के दिन भी जेएमएम का चुनावी बैनर लटका दिखा




**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा।** उपायुक्त लोहरदगा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी दिया गया कि आदर्श आचार सहिता का उल्लंघन की सूचना नही है। जबकि बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के लोहरदगा जिला अंतर्गत पेशरार प्रखंड स्थित पठारी इलाके के बलाडीह गांव में ग्रामीणों को पेयजल मुहैया हेतु सरकार के द्वारा जलमीनार का निर्माण कराया गया है। जहां जेएमएम का प्रचार-प्रचार चिन्ह का फ्लेक्स लटका हुआ पाया गया। यह दृश्य मुंगो क्लस्टर से महज तीन सौ मीटर की दूरी पर लगा हुआ था। जो मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए आकर्षित कर रहा था। जबकि चुनाव आयोग का सख्त निर्देश दौरान कि किसी भी पार्टी का बैनर झंडा पोस्टर किसी भी सरकारी भवन या सरकारी सम्पति में चिपका कर प्रचार करना वर्जित किया गया था। परंतु जेएमएम पार्टी के द्वारा उन नियमो को ताख पर रख धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नही छोड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदर्श आचार सहिंता लगते ही जिला व प्रखंड के निवार्ची पदाधिकारी द्वारा बूथ का जायजा लिया गया था। परंतु जलमीनार व बिजली खम्भा के माध्यम से प्रचार प्रसार कर नियम की धज्जियां उड़ाई गई जिसपर ध्यान आकृष्ट नही हुआ। जिससे जागरूक मतदाताओं के बीच यह सवाल बार-बार उठ रहा है।

